मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक : उपाधि / मोलासुवि / दीक्षान्त समारोह / 2022 / 9715

दिनांक : 08 / 12 / 2022

दीक्षान्त समारोह अधिसूचना – 2

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा वर्ष 2021 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उपाधिधारियों के लिए 30वां दीक्षान्त समारोह दिनांक **20 दिसम्बर 2022** को आयोजित किया जाना है। इस समारोह में डॉक्टर आफ फिलॉसफी (Ph.D.) उपाधिधारियों को उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक धारकों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेगें।

अतः जो उपाधिधारी उक्त समारोह में उपाधि एवं स्वर्णपदक प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे दिनांक **28.11.2022 से 13.12.2022** तक समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना सलंग्न प्रारूप में मय शुल्क रू. 500.00 के केवल डिमान्ड ड्राफ्ट अथवा पे ऑर्डर "वित्त नियंत्रक, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर" **(The Comptroller, Mohanlal Sukhadia University, Udaipur)** के नाम सहित उप कुलसचिव (उपाधि) को प्रेषित करें ताकि उनके लिए विश्वविद्यालय सभागार में स्थान सुरक्षित किया जा सके। **निर्धारित प्रारूप एवं तिथि तक में सूचना नहीं देने वाले उपाधिधारियों को समारोह मे शामिल नहीं किया जायेगा।** समारोह के दिन उपाधिधारी पर्यावरण विभाग भवन, विश्वविद्यालय परिसर में पंजीकरण कर बेज प्राप्त करे एवं सभागार में अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लेवें।

नोट :–

1. डॉक्टर आफ फिलॉसफी उपाधिधारियों को जिनका वाईवा–वोसी दिनांक **06.12.2021** से **10.12.2022** तक हो चुका हो, उनको उपाधियाँ प्रदान की जायेगी।
2. डॉक्टर आफ फिलॉसफी / स्वर्ण पदक धारको को दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिये निर्धारित पोशाक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते समय विश्वविद्यालय सभागार में प्रवेश करने हेतु प्रवेश पत्र दिया जावेगा बिना प्रवेश पत्र के, बिना निर्धारित पोशाक के तथा दीक्षांत समारोह की गरिमा बनाये रखने के क्रम मे छोटे बच्चों को प्रवेश नही दिया जावेगा।
5. दीक्षान्त समारोह के दिनांक एवं समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना (यदि हुई तो) विश्वविद्यालय वेबसाइट तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।
6. **डिग्री / मेडल प्राप्त करने वाले विधार्थी की पोशाक :**
   पुरूष – खादी कपड़े का सफेद कलर का कुर्ता–पायजामा / खादी कपड़े का पेन्ट–शर्ट / धोती–कुर्ता एवं काले जूते।
   महिला – खादी सफेद साड़ी मय लाल बोर्डर व लाल ब्लाऊज / सफेद सलवार–सूट मय लाल चुन्नी / दुपट्टा एवं काले सेन्डिल / स्लिपर।

5 दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित सूचना एवं समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना के प्रपत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक website www.mlsu.ac.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। **इस सम्बन्ध में अन्य सभी सूचनाओं की जानकारी के लिये समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट को देखें। दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित कोई भी सूचना अलग से प्रेषित नहीं की जाएगी।**

6 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता / प्राचार्य से निवेदन है कि उपरोक्त अधिसूचना वश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने – अपने महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करें।

7 दीक्षांत समारोह में आने–जाने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता एवं अन्य किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

कुलसचिव

कृपउ.